an>

Title: Regarding construction of Bidar-Nanded Railway line -laid.

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़): मेरे संसदीय क्षेत्र नांदेड़ से जुड़ी नई रेल लाइन बीदर-नांडेड़ के निर्माण हेतु रेल मंत्रालय द्वारा 2152 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, किन्तु इस नये रेल मार्ग निर्माण को प्रस्तावित 2019-20 की पिंक बुक में शामिल नहीं किया गया है । मेरी सरकार से मांग है कि इसको अविलम्ब पिंक बुक में शामिल करते हुए, मंजूर राशि का प्रावधान मौजूदा रेल बजट (2019-2020) में शामिल किया जाये तथा शीघ्र रेल मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया जाये ।